# सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय मेरठ।

## वित्त समिति की द्वादश (13वीं) बैठक दिनाँक 26 फरवरी, 2019 का कार्यवृत्त

वित्त समिति की द्वादश (13वीं) बैठक दिनाँक 26 फरवरी, 2019 को पूर्वान्ह् 11.00 बजे कुलपति सभाकक्ष, सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ में सम्पन्न हुई।

**वित्त समिति की बैठक में उपस्थिति निम्नवत् थी :–**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 गया प्रसाद, कुलपति, | अध्यक्ष |
| 2. | डा0 अनीता लोधी राजपूत, मा0 विधायक | सदस्य |
| 3. | श्री अतुल कुमार सिंह, अपर निदेशक पेंशन एवं कोषागार, मेरठ मण्डल, मेरठ (प्रमुख सचिव वित्त के प्रतिनिधि)। | सदस्य |
| 4. | श्री अरूण कुमार, सहायक निदेशक, कृषि, मेरठ मण्डल, मेरठ। (प्रमुख सचिव कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान के प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 5. | श्री अवध नारायण, वित्त नियन्त्रक | सदस्य सचिव |

सर्वप्रथम माननीय कुलपति एवं अध्यक्ष वित्त समिति द्वारा सभी सम्मानित सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक प्रारम्भ करने की घोषणा की गयी।

Dr. Gaya Prasad
Vice-Chancellor
S. V. P. U. A. & T. Meerut

वित्त नियंत्रक / सचिव वित्त समिति
स० व० प० कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ–250110

**प्रस्ताव संख्या 13.1: वित्त समिति की द्वादश (12वीं) बैठक दिनाँक 26 मार्च, 2018 के कार्यवृत्त की पुष्टि।**

दिनाँक 26 मार्च, 2018 को सम्पन्न द्वादश् (12वीं) बैठक दिनांक 26 मार्च, 2018 के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी।

**प्रस्ताव संख्या 13.2: वित्त समिति की द्वादश (12वीं) बैठक दिनाँक 26 मार्च, 2018 निर्णयों की अनुपालन आख्या।**

वित्त समिति द्वारा द्वादश् (12वीं) बैठक दिनांक 26 मार्च, 2018 के निर्णयों की अनुपालन आख्या का अवलोकन करते हुए वित्त समिति की 12वीं बैठक के प्रस्ताव संख्या–12. 10 (क)– कृषि विश्वविद्यालय मेरठ के अन्तर्गत संचालित कृषि विज्ञान केन्द्रों के वैज्ञानिक/कर्मचारियों को पेंशन एवं सेवानिवृत्तक लाभ अनुमन्य करने से संबंधित प्रस्ताव को उत्तर प्रदेश शासन को प्रेषित करने पर भी सहमति व्यक्त की गयी।

**(कार्रवाई: कुलसचिव कार्मिक)**

**प्रस्ताव संख्या 13.3: वित्तीय वर्ष 2017–18 के अन्तिम लेखे/बैलेन्स शीट का अनुमोदन।**

वित्त समिति द्वारा वित्तीय वर्ष 2017–18 के अन्तिम लेखे/बैलेन्स शीट मा0 प्रबन्ध परिषद के अनुमोदन हेतु संस्तुति की गयी।

**(कार्रवाई: वित्त नियंत्रक)**

G. Prasad

Dr. Gaya Prasad
Vice-Chancellor
S. V. P. U. A. & T. Meerut

वित्त नियंत्रक/सचिव वित्त समिति
स० व० प० कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ–250110

**प्रस्ताव संख्या 13.4: वित्तीय वर्ष 2018–19 का पुनरीक्षित तथा वित्तीय वर्ष 2019–20 का आय–व्ययक।**

वित्त समिति द्वारा वित्तीय वर्ष 2018–19 का पुनरीक्षित तथा वित्तीय वर्ष 2019–20 के अनुमानित आय–व्ययक पर मा0 प्रबन्ध परिषद के अनुमोदन हेतु निम्नवत संस्तुति की गयी।

**आय–व्ययक वित्तीय वर्ष 2019–20**

(रू0 लाख में)

| क्रम सं0 | विभिन्न प्राप्तियां एवं व्यय | वास्तविक आंकड़े 2017–18 | आय–व्ययक अनुमान 2018–19 | पुनरीक्षित अनुमान 2018–19 | आय–व्ययक अनुमान 2019–20 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राजस्व प्राप्तियां | 7865.50 | 15160.40 | 14462.11 | 20355.95 |
| 2 | पूँजीगत प्राप्तियां | 750.43 | 4555.18 | 450.00 | 5902.26 |
| 3 | **योग (1+2)** | **8615.93** | **19715.58** | **14912.11** | **26258.21** |
| 4 | राजस्व व्यय | 7232.49 | 14717.35 | 14074.56 | 20186.00 |
| 5 | पूँजीगत व्यय | 750.43 | 4555.18 | 450.00 | 5902.26 |
| 6 | **योग (4+5)** | **7982.92** | **19272.53** | **14524.56** | **26088.26** |

**(कार्रवाईः वित्त नियंत्रक)**

**प्रस्ताव संख्या 13.5: विश्वविद्यालय के निदेशक अनुसंधान केन्द्र एवं निदेशक प्रसार के वित्तीय अधिकार संशोधित करने के सम्बन्ध में।**

मा0 प्रबन्ध परिषद की 27वीं बैठक में लिये गये निर्णयों के अनुपालन में वित्त नियन्त्रक के पत्र संख्या सवप/2014/वि0नि0/2369 दिनांक 29 जुलाई, 2014 द्वारा निदेशक, अनुसंधान केन्द्र एवं निदेशक प्रसार को प्रदान की गयी रू0 2.00 लाख प्रतिवर्ष की धनराशि की सीमा को बढ़ाते हुए रू0 4.00 लाख प्रतिवर्ष किये जाने

Dr. Gaya Prasad
Vice-Chancellor
S. V. P. U. A. & T. Meerut

वित्त नियंत्रक/सचिव वित्त समिति
स0 व0 प0 कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ–250110

हेतु मा0 प्रबन्ध परिषद से अनुमोदन प्राप्त करने की वित्त समिति द्वारा संस्तुति प्रदान की गयी।

**(कार्रवाईः वित्त नियन्त्रक)**

**प्रस्ताव संख्या 13.6: विश्वविद्यालय में मानदेय के आधार पर गेस्ट फैकल्टी/संविदा टीचर को नियुक्त करने के सम्बन्ध में।**

विश्वविद्यालय की वित्त समिति के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मत्ति से कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ में गेस्ट फैकल्टी/संविदा टीचर को जो Master Degree in concerned discipline एवं Master Degree in concerned discipline with Net/Gate/Ph.D हो, योगयताधारी को UGC Norms के अन्तर्गत रखने हेतु प्रस्ताव को मा0 प्रबन्ध परिषद के अनुमोदन हेतु संस्तुति की गयी।

**(कार्रवाईः कुलसचिव)**

**प्रस्ताव संख्या 13.7: विश्वविद्यालय के पशु विज्ञान एवं पशुचिकित्सा महाविद्यालय में स्वयं के व्यय (Self Finance) के अन्तर्गत भर्ती हुए शिक्षकों को विश्वविद्यालय के शिक्षण मद से वेतन दिये जाने के सम्बन्ध में।**

कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ पशु विज्ञान एवं पशुचिकित्सा महाविद्यालय में स्वयं के व्यय (Self Finance) के अन्तर्गत भर्ती हुए शिक्षकों को विश्वविद्यालय के शिक्षण मद से वेतन दिये जाने के सम्बन्ध में कृषि शिक्षा अनुसंधान अनुभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के शासनादेश संख्या 35/2015/1780/67–कृशिअ–15–500(23)/03 दिनांक 14 दिसम्बर, 2015 के अनुपालन में विश्वविद्यालय के शिक्षण मद से वेतन निर्गत करने के सम्बन्ध में मा0 प्रबन्ध प्रबन्ध परिषद से अनुमोदन प्राप्त करने हेतु वित्त समिति द्वारा संस्तुति प्रदान की गयी।

**(कार्रवाईः कुलसचिव कार्मिक/वित्त नियन्त्रक/अधिष्ठाता, पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय)**

Dr. Gaya Prasad
Vice-Chancellor
S. V. P. U. A. & T. Meerut

वित्त नियंत्रक/सचिव वित्त समिति
स० व० प० कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ–250110

**प्रस्ताव संख्या 13.8: विश्वविद्यालय के जनपद न्यायालयों में लम्बित वादों की पैरवी, श्रम एवं ई0पी0एफ0 कार्यालयों में कार्य कराने हेतु वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए रू0 288000/– धनराशि की वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।**

विश्वविद्यालय के जनपद न्यायालयों में लम्बित वादों की पैरवी हेतु श्री विरेन्द्र कुमार त्यागी को रू0 9000/– प्रतिमाह एवं श्री यू0के0 माथुर से श्रम एवं ई0पी0एफ0 कार्यालयों में कार्य कराने हेतु रू0 15000/– प्रतिमाह पर रखने हेतु वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए रू0 288000/– धनराशि की वित्तीय स्वीकृति को वित्त समिति द्वारा अनुमोदित किया गया।

**(कार्रवाई: कुलसचिव कार्मिक)**

**प्रस्ताव संख्या–13.9 : अन्य बिन्दु:–**
**मा0 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य प्रस्ताव:–**

विश्वविद्यालय में कैमरामेन के पद से सेवानिवृत्त हुए श्री विश्व मोहन नौटियाल को मानदेय के आधार पर कैमरामेन का कार्य देखने के लिए प्रतिमाह रू0 21000/– की धनराशि पर रखने के लिए मा0 प्रबन्ध परिषद से अनुमोदन प्राप्त करने हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी।

**(अवध नारायण)**
वित्त नियन्त्रक/सचिव, वित्त समिति

वित्त नियंत्रक/सचिव वित्त समिति
स0 व0 प0 कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, मेरठ–250110

**अनुमोदित**

**(प्रो0 गया प्रसाद)**
कुलपति/अध्यक्ष

Dr. Gaya Prasad
Vice-Chancellor
S. V. P. U. A. & T. Meerut